AADHAAR

AMAR UJALA ( MY CITY ), Agra, 10.2.2018

Page No. 1, Size:(28.02)cms X (21.34)cms.

# भ्रष्टाचार पर 'आधार' से प्रहार

सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में आधार कार्ड का इस्तेमाल बड़ा ही कारगर साबित हो रहा है। ताजनगरी में एक के बाद एक कई गोलमाल का खुलासा हो चुका है। हाल ही में विवि के शिक्षकों के अनुमोदन का बड़ा खेल पकड़ा गया है। एक झटके में आठ हजार शिक्षकों की छुट्टी हो गई है। जिस तरह सरकार हर योजना में आधार कार्ड लिंक कर रही है, उससे जल्द ही इसी तरह की कुछ और बड़े घपले सामने आ सकते हैं। पेश है रिपोर्ट ...



### केस: 1 — 12534 फर्जी पेंशनधारी पकड़े

समाजवादी पेंशन में 10 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को फर्जी पाया। वृद्धावस्था पेंशन में भी 2534 फर्जी लाभार्थी मिले। यह सब मुमकिन हुआ पेंशन से आधार को लिंक किए जाने पर। इनके स्थान पर अब पात्र लोगों को पेंशन दी जा रही है।

### केस: 2 — पुष्टाहार में 35000 लाभार्थी घट गए

पुष्टाहार योजना में लाभार्थी के लिए जैसे ही आधार कार्ड लिंक करना अनिवार्य किया गया, वैसे ही 35 हजार कम हो गए। माना जा रहा है कि ये सभी लाभार्थी फर्जी थे। पकड़े जाने के डर से खुद ही फार्म नहीं भरा।

### केस: 3 — 80000 राशन कार्ड फर्जी मिले

जिले में करीब सात लाख राशन कार्ड थे। जब इन कार्ड का आधार कार्ड से लिंक करते हुए सत्यापन कराया गया तो करीब 80 हजार राशन कार्ड फर्जी मिले। अब करीब 6.20 लाख कार्ड हैं। फर्जी कार्ड से हर महीने सरकार को लाखों का चूना लग रहा था।

### केस: 4 — 30000 गैस कनेक्शन निरस्त

जिले में करीब साढ़े छह लाख गैस कनेक्शन हैं। आधार से कनेक्शन को जोड़ने पर 30 हजार कम हो गए। एक एक नाम पर दो- दो गैस कनेक्शन चलते पाए गए। अब फर्जीवाड़ा से गैस कनेक्शन मिल भी नहीं पा रहे।

### केस: 5 — विद्यार्थियों के 1500 रजिस्ट्रेशन निरस्त


परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन आधार कार्ड से जैसे ही जोड़ा गया, जिले में 1500 पंजीकरण फर्जी मिल गए। फर्जी रजिस्ट्रेशन से स्कूलों में मिड डे मील, यूनिफार्म जैसी सुविधाएं भी ली जा रही थीं।

अमर उजाला ब्यूरो

आगरा।

ये मामले तो सामने आ चुके हैं। अब और भी योजनाओं से आधार कार्ड को जोड़ा जा रहा है। पुलिस के पास फरियादी चक्कर काटते रहते हैं। अब शिकायती पत्र में आधार कार्ड जोड़ा जा रहा है। इससे पता चल जाएगा कि किसने कब शिकायत की, क्या कार्रवाई हुई, वह कब- कब, क्या- क्या शिकायत कर चुका है। एसएसपी अमित पाठक इसका साफ्टवेयर तैयार करा रहे हैं।

इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, मदरसों में छात्रों का आधार, किसानों की कर्ज माफी, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए भी आधार लिंक होना जरूरी है। अब अधिकांश योजनाओं में आधार लिंक हो चुका है।




### पकड़े जाएंगे फर्जी बैंक खाते

**आगरा।** बैंक खातों को आधार से लिंक किए जाने का काम चल रहा है। जिले में 70 फीसदी खाते लिंक किए जा चुके हैं। यह काम पूरा होने पर बड़ी संख्या में फर्जी खाते सामने आ सकते हैं। साइबर अपराधी फर्जी खातों का इस्तेमाल करते हैं। काफी दिन से यह चर्चा भी चल रही है कि सरकार प्रापर्टी के बैनामों में भी आधार कार्ड अनिवार्य करेगी। इससे बेनामी संपत्ति पकड़ में आएगी।

- आधार कार्ड फर्जीवाड़ा रोकने में कारगर साबित हो रहा है। अब प्रति यूनिट का भी आधार कार्ड लिंक कराया जा रहा है - **केपी मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी।**
- आधार कार्ड लिंक होने से 100 फीसदी पात्रों को ही सब्सिडी पहुंच रही है। पहले बड़ा खेल चल रहा था। फर्जी नाम से कनेक्शन थे, जो अब नहीं रहे - **विपुल पुरोहित सचिव, आल इंडिया इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर्स।**
- योजनाओं से आधार लिंक करने से सरकारी धन की बर्बादी रुकी है और अपात्रों को लाभ दिए जाने की शिकायतें भी कम हो गई हैं -**रविंद्र कुमार मांदड़, मुख्य विकास अधिकारी।**

### आसान हो गया आधार कार्ड बनवाना

आगरा। आधार कार्ड बनवाना अब पहले से आसान हो गया है। इसके लिए जगह-जगह प्राइवेट केंद्र खुले हुए हैं। पिछले दिनों सदर तहसील में भी एक केंद्र खोला गया है। यहां निशुल्क आधार कार्ड बनाए जाने की व्यवस्था है। इससे पहले संजय प्लेस, मदिया कटरा, शाहगंज, बोदला आदि क्षेत्रों में निजी संचालक आधार कार्ड बना रहे थे। इनके अतिरिक्त देहात में भी बनाए जा रहे हैं।